हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

06 हरित क्षेत्र, योग स्थल, ओपन एयर थियेटर जैसे ...



07 केंद्रीय मंत्री ने 'लोकतंत्र के योद्धा' स्मारिका का विमोचन...






## खबर संक्षेप

### चार खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**विदिशा।** जिले के 4 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। उमरिया जिले में आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भोपाल संभाग की टीम में विदिशा के चार खिलाड़ियों ने जगह बनाई है। इन चयनित खिलाड़ियों में आरव मालवीय ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल, अभिमन्यु गोयल, राजवीर अहिरवार वात्सल्य स्कूल और विशेष विश्वकर्मा साकेत एमजीएम स्कूल शामिल हैं। खिलाड़ियों के चयन की खबर से उनके विद्यालयों और परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सभी खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम और खेल के प्रति समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है।

### द्वितीय सोपान स्काउट गाइड शिविर का शुभारंभ



**विदिशा।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ द्वारा जिला स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट गाइड शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के पहले दिन शिविर संचालक हरिहर चतुर्वेदी ने जिलेभर से आए हुए स्काउट गाइड को स्काउट आंदोलन के विषय में जानकारी दी। सहायक शिविर संचालक जिला संगठक एपी शुक्ला, दीपक जैन, शरद श्रीवास्तव एवं हनीफ खान मंसूरी ने स्काउट गाइड को टोलीवार बांटते हुए टोली विधि से परिचित कराया। जिलेभर से शिविर में 100 स्काउट एवं 48 गाइड सहभागिता कर रहीं हैं। शिविर के दूसरे दिन स्काउट गाइड को खोज के चिन्ह, शीटी के संकेत, टोली विधि, प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया।

## 'अपना घर आश्रम' पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने पत्नी साधना सिंह के साथ परोसा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपना घर आश्रम की द्वितीय वर्षगांठ के कार्यक्रम में शामिल होने विट्ठल नगर स्थित आश्रम पहुंचे।

जहां पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद उन्होंने अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ आश्रम में रह रहे मंदबद्धि और असहाय लोगों को भोजन परोसा। वहीं विट्ठल मंदिर पहुंचकर उन्होंने दर्शन किए। से 25 वर्ष पूर्व अपना घर आश्रम का प्रारंभ राजस्थान के भरतपुर में डॉक्टर बीएम भारद्वाज एवं डॉक्टर माधुरी भारद्वाज द्वारा की गई थी।

इस सेवाकार्य का धीरे-धीरे विस्तार होता गया और वर्तमान में इसकी पूरे भारतवर्ष में 76 शाखाएं हैं। एक शाखा नेपाल के काठमांडू में है। अभी तक इन आश्रमों में 65 हजार निरश्रितों को प्रवेश कर चुके हैं, जिनमें से 36 हजार लोगों को पुनर्वासित किया गया। 12 हजार 500 लोग ब्रह्मलीन हुए हैं और करीब 15 हजार 500 लोग अभी इन आश्रमों में आश्रय लिए हुए हैं। समाजसेवी विट्ठलदास डांगरा परिवार द्वारा मानव सेवा के उद्देश्य को लेकर भरतपुर की शाखा के रूप में यह आश्रम विट्ठलनगर में अपने पुत्र स्व. राजेश डांगरा की स्मृति में जो वर्तमान भवन है उसको मात्र एक रुपए सालाना किराए से देकर 200 प्रभुजनों की आश्रय व्यवस्था कर उपलब्ध कराया है। अध्यक्ष डॉ जीके माहेश्वरी ने बताया कि क्षमता 200 है, 130 लोग आश्रय लिए हुए हैं।



विदिशा। अपना घर आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि और निराश्रितों से मिले शिवराज।




विदिशा। कार्यक्रम के दौरान स्मारिका का विमोचन करते हुए अतिथिगण।

### देर शाम को व्यापारी के घर छापा, अवैध तरीके से रखे पटाखे मिले

## बासौदा नगर के त्योंदा रोड पर पटाखा दुकान में लगी भीषण आग, धमाकों से सहमे लोग

**पोटाश के कारोबारियों को नपा भी आवंटित नहीं करती दुकानें**

*दुकान में आग लगने के बाद पुलिस ने व्यापारी के घर पर छापामार कार्रवाई की। जिसमें भारी मात्रा में अवैध तरीके से घर में रखे पटाखे पाए गए हैं। पुलिस जांच कर रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को त्योंदा रोड पर एक पटाखा दुकान में दोपहर के समय भीषण आग लग गई। दुकान से तेजी से धुआं निकलता देख और तेज धमाकों की आवाजें सुनकर लोगों में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। यह दुकान पंकज जैन नामक व्यक्ति की बताई जा रही है। दुकान में भारी मात्रा में पटाखों का भंडारण था। अज्ञात कारणों से पटाखों में आग लगी, जिससे पहले धुआं उठा और फिर तेज धमाके होने लगे। दुकान का शटर बंद था और अंदर हजारों रुपए के पटाखे रखे हुए थे।



गंजबासौदा। दुकान के अंदर रखे पटाखों में अज्ञात कारणों से लगी आग।

आग की चपेट में आने से पूरी दुकान क्षतिग्रस्त हो गई और कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा। समय रहते पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ी घटना होने से टल गई। आगजनी की घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच में भी जुट गई है। देर रात को जब पुलिस ने



व्यापारी के घर छापा मारा तो भारी मात्रा में घर में अवैध रखे पटाखों का जखीरा बरामद हुआ है।

### विदिशा पटाखा बाजार में पोटाश का कारोबार, अवैध लेकिन नहीं होती कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रामलीला स्थित पटाखा बाजार में पटाखा कारोबारियों को दुकानें आवंटित करने रविवार को नगरपालिका ने दुकानों की नंबरिंग की। इधर पटाखा बाजार में पोटाश का अवैध तरीके से कारोबार सालों से किया जा रहा है जो आमजन के घातक साबित होने के बाद भी इस पर प्रतिबंध नहीं लाया जा रहा है। जबकि पत्थर फोड़ा और हाथ से बने तेज आवाज करने वाले गिट्टी प्रतिबंधित हैं।

पोटाश इन दोनों से कहीं ज्यादा घातक और मानव जीवन को प्रभावित करने वाली होने के बाद भी धड़ल्ले से बिकती है। क्विंटलों से पोटाश शहर में लाई जा चुकी है। इसका अन्य तरीके से भी उपयोग किया जा सकता है। लाइसेंस लेकर पटाखे की दुकानें लगाने वाले कारोबारियों ने इस अवैध व्यवसाय पर प्रतिबंध लगने की मांग कलेक्टर से की है। खास बात यह है कि इस अवैध कारोबार को करने लिए न तो नपा और न ही रामलीला समिति दुकाने आवंटित करतीं।

वहीं एसडीएम कार्यालय से भी पोटाश के कारोबार के लिए लाइसेंस जारी नहीं किए जाते। पूरी तरह से अवैध व्यवसाय होने के बाद भी प्रशासन किसी बड़ी जनहानि होने का इंतजार कर रहा है। पोटाश मामले को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता का कहना है कि अगर पटाखा व्यापारी शिकायत करते हैं तो इसकी जांच कराई जाएगी।

### वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की बैठक हुई

## हमें घर-घर जाकर जनता को बताना होगा उनका वोट कैसे चोरी किया जा रहा: मोहित रघुवंशी




विदिशा। आज सुबह 10 :30 बजे कृषि मंडी में हस्ताक्षर अभियान शुरू होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी देशभर में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चला रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा की विशेष बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, विधानसभा प्रभारी विष्णु विश्वकर्मा, अभियान प्रभारी सुभाष बोहत, ठाकुर रणधीर सिंह दांगी, आनंदप्रताप सिंह, नवनीत कुशवाह, गोविंद राजपूत, अंकुर गुप्ता, सुनील दांगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जनता के विश्वास को पुनर्स्थापित करने का आंदोलन है: विश्वकर्मा**

अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा का प्रतीक है। हमें घर-घर जाकर जनता को बताना होगा कि उनका वोट कैसे चोरी किया जा रहा है और लोकतांत्रिक ढंग से जवाब देना होगा। विधानसभा प्रभारी विष्णु विश्वकर्मा ने कहा कि यह केवल विरोध नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को पुनर्स्थापित करने का आंदोलन है। अभियान प्रभारी सुभाष बोहत ने बताया कि विदिशा जिले से 30 हजार हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य है, जबकि देशभर में 5 करोड़ से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे। बैठक के अंत में वरिष्ठ नेता मोहम्मद बख्श चीना भाई के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई।

## शिवराज बोले: तकनीक व विविधता से बढ़ेगा मुनाफा नई बासमती धान की किस्में अपनाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा जिले के ग्राम बामनखेड़ा में किसानों से संवाद किया। उन्होंने किसानों को उन्नत खेती की दिशा में प्रेरित करते हुए कहा कि कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सोच और नई तकनीक अपनाना भी आवश्यक है।

शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को मिट्टी परीक्षण कराने की सलाह दी, ताकि अनावश्यक रासायनिक खाद के उपयोग से भूमि का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। उन्होंने जोर दिया कि सही जानकारी के साथ खेती करने से लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ेगा।



**नई किस्मों में दवाओं की आवश्यकता कम होती है**

कृषि मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान दिल्ली द्वारा विकसित बासमती धान की नई किस्में पीबी 1885 और पीबी 1886 को पहली बार प्रायोगिक तौर पर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इन किस्मों की खेती कर रहे हैं, ताकि किसानों को प्रमाणित अनुभव से प्रेरित कर सकें। इन नई किस्मों की विशेषता यह है कि इनमें दवाओं की आवश्यकता कम पड़ती है, उत्पादन अधिक मिलता है और पानी की खपत भी कम होती है। यह किसानों के लिए लागत प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रस्तुत करती हैं।

चौहान ने किसानों से आग्रह किया कि वे खेती को केवल अनाज उत्पादन तक सीमित न रखें। उन्होंने फलों, सब्जियों और गौपालन को भी कृषि से जोड़कर एकीकृत कृषि यूनिट बनाने सुझाव दिया।

## इस बार दो दिन रहेगा पुष्य नक्षत्र, खरीदारी करना शुभ

**बाजार में फिर लौटी रौनक, खरीदी के लिए मिलेंगे दो दिन, व्यापारियों में भारी उत्साह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इस बार दीपावली के पहले 14 अक्टूबर मंगलवार एवं 15 अक्टूबर बुधवार को पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है।

ज्योतिष शास्त्र में 27 नक्षत्रों के चक्र में पुष्य नक्षत्र आठवां नक्षत्र होता है। इसे नक्षत्रों का राजा कहा जाता है। इस नक्षत्र के देवता बृहस्पति हैं और स्वामी शनि है पुष्य नक्षत्र में कोई भी नया कार्य व्यवसाय या खरीददारी करने के लिए पुष्य नक्षत्र अति शुभ माना जाता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद शास्त्री ने बताया की पुष्य का ज्योतिष शास्त्र में विशेष महत्व होता है। मंगलवार और बुधवार को रहेगा पुष्य नक्षत्र इस बार पुष्य नक्षत्र दो दिन रहेगा। दृश्य गणित के अनुसार पुष्य नक्षत्र 14 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 11:54 से शुरू होगा और 15 अक्टूबर बुधवार को 11:59 तक रहेगा जिसमें खरीदारी करना अति शुभ माना जाता है। दो दिन पुष्य नक्षत्र होने के कारण मंगलवार और बुधवार दोनों दिन खरीदारी करना अति शुभ रहेगा।

## रात में अचानक बजने लगता है बैंक का अलार्म नींद खराब होने से परेशान लोगों ने की शिकायत

**छोटे जीव तिजौरी के पास पहुंचते ही रात में अचानक से बज उठता है बैंक का अलार्म।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खरीफाटक रोड पर स्थित एक निजी बैंक का अलार्म आसपास के निवासियों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। रात के समय अचानक बजने वाला यह अलार्म लोगों की नींद में खलल डाल रहा है। बैंक गोल्ड लोन का कारोबार करती है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार दिन में शोरगुल के कारण अलार्म की आवाज उतनी परेशान नहीं करती, लेकिन रात में यह समस्या गंभीर हो जाती है। शुरुआत में जब अलार्म बजा था, तो इलाके में हड़कंप मच गया था और पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। जांच में पता चला कि बैंक की तिजोरी के आसपास अत्यधिक सुरक्षा व्यवस्था है, जो छोटे जीवों या चूहों के गुजरने पर भी सक्रिय हो जाती है।

### बच्चे और बुजुर्ग परेशानी

आधी रात को बजने वाला यह अलार्म बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से कष्टदायक साबित हो रहा है। क्षेत्र के लोगों ने अब प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि बैंक को आवश्यक सुधार करने के लिए बाध्य किया जा सके और उन्हें इस लगातार बढ़ती परेशानी से मुक्ति मिल सके। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि उन्हें इस संबंध में लोगों की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि बैंक अधिकारियों से बात करके इस समस्या का जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

**10 मिनट से लेकर 1 घंटे तक बजता अलार्म**

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यह समस्या कई महीनों से बनी हुई है। उन्होंने कई बार बैंक अधिकारियों से शिकायत की और अलार्म सिस्टम को ठीक करवाने की मांग भी की, लेकिन बैंक प्रबंधन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। यह अलार्म कभी भी बजने लगता है और 10 मिनट से लेकर एक घंटे तक लगातार बजता रहता है।

### समर्पित सेवा मंडल द्वारा धर्म संसद का आयोजन किया गया

## धर्म संसद में लव जिहाद से सतर्क रहने व सामाजिक समरसता के साथ सनातन संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

समर्पित सेवा मंडल के तत्वावधान में रविवार को नगर के कामधेनू मंगल वाटिका में विराट धर्म संसद का भव्य आयोजन किया गया।

इस धर्म संसद का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म में व्याप्त कुरीतियों के निवारण, लव जिहाद जैसी सामाजिक विकृतियों पर चिंतन तथा हिंदू समाज में एकता और जागरूकता लाना रहा। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संचालन डॉ. मनोज नारायण शास्त्री ने किया, जबकि आयोजन में शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी, डॉ. मिथिलेश दांगी, राधिका शरण दास और सौरभ सिंह राजपूत की प्रमुख भूमिका रही।




विदिशा। धर्म संसद में शहर सहित वृंदावन से आए संत महंत भी हुए शामिल।

### ईश्वर की निंदा के करने वालों को सजा देने के लिए कठोर कानून बनाया जाना चाहिए

हिंद प्रहरी संगठन के संस्थापक सौरभ सिंह राजपूत ने कहा कि देश की संसद में ईश्वर की निंदा के विरुद्ध कठोर कानून बनाया जाना चाहिए ताकि सनातन धर्म का अपमान करने वालों को दंड मिल सके। वृंदावन से पधारे पंडित विपिन बिहारी महाराज ने कहा कि अब समय आ गया है जब धर्मावलंबियों को जागना होगा। अन्यथा लव जिहाद जैसी कुप्रवृत्तियां आने वाली पीढ़ियों के लिए संकट बन जाएंगी। महंत अनिलानंद महाराज ने कहा कि विप्र वर्ग का दायित्व है कि वह सभी वर्णों को एक सूत्र में बांधे, क्योंकि भगवान के प्रत्येक अवतार का मूल उद्धेश्य विप्र और गौ रक्षा रहा है। डॉ. चतुर नारायण पाराशर ने कहा कि प्रत्येक नगर में धर्म संसद का आयोजन होना चाहिए ताकि सनातन की अलख जन-जन तक पहुंचे। बटुक महाराज ने धर्म संसद के उद्धेश्य पर प्रकाश डाला।

### टीम ने पुराने कपड़े बर्तन, खिलौने जुटाए




**विदिशा।** रविवार को आसरा अपनों की टीम द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पुराने कपड़े, बर्तन एवं खिलौने एकत्रित किए गए। यह शिविर नीमताल गांधी प्रतिमा के पास लगाया गया था। आसरा अपनों का टीम पिछले चार वर्षों से इस तरह के शिविर लगाकर जरूरतमंदों के लिए सामग्री एकत्रित करती आ रही है। एकत्रित सामग्री को गरीब बस्तियों में जाकर वितरित किया जाता है। आसरा अपनों का के संस्थापक आदर्श तिवारी के साथ देव शर्मा, राजा यादव, हिमांशु विश्वकर्मा और ऋषि शिवहरे भी मौजूद थे।

## एनएमएमएस की परीक्षा में 83% छात्र उपस्थित रहे

**14 केंद्रों पर 4996 विद्यार्थियों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में रविवार को राष्ट्रीय-मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई।

जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर कुल 6017 छात्रों को शामिल होना था, जिनमें से 4996 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार, जिले में कुल उपस्थिति प्रतिशत 83.03 दर्ज किया गया।

जिला शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार कुरवाई ब्लॉक में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज की गई। यहां 609 में से 553 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जो 90.8 प्रतिशत रहा। वहीं, लटेरी ब्लॉक में सबसे कम उपस्थिति रही, जहां 875 में से केवल 626 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। यह उपस्थिति 71.54 प्रतिशत रही।

अन्य ब्लॉकों में बासोदा में 87.25 प्रतिशत, ग्यारसपुर में 87.44 प्रतिशत, नटेरन में 80.36 प्रतिशत, सिरोंज में 81.91 प्रतिशत और विदिशा ब्लॉक में 85.46 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। शिक्षा विभाग ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई थी।

## खबर संक्षेप

### नेत्र शिविर आज

**गंजबासौदा।** पूज्य सिन्धी पंचायत के संरक्षक मंडल के सदस्य स्वर्गीय वासुदेव वाधवानी की स्मृति में उनके परिवार द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन 13 अक्टूबर सोमवार को हितकारणी धर्मशाला में किया गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में नेत्र रोगियों से उपस्थित होकर नेत्र परीक्षण कराए जाने की अपील की गई है।

### नेत्र चिकित्सकों का किया सम्मान



**गंजबासौदा।** गत दिवस सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट के सहयोगी नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा नेत्र रोगियों के कल्याण के लिए जो भी संस्थान कार्य कर रहे हैं उनकी सेवा की सराहना की गई। साथ ही नेत्र चिकित्सकों एवं सहयोगियों का सम्मान किया गया। संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर राजकरण वर्मा, डॉक्टर राघव त्रिपाठी, आरपी शुक्ला ,मिलन बघेल ,जीतेन्द्र जादौन सहित अन्य नेत्र चिकित्सकों को तिलक लगाकर पुष्प हार पहनाकर शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में जो भी संस्थान नेत्रदान एवं नेत्र शिविर लगा रहे हैं उन संस्थाओ को एवम उन चिकित्सकों को भी सम्मानित किया जावेगा, जिन्होंने नेत्र दान में अपना सहयोग प्रदान किया है।

### जमीनी विवाद को लेकर दो परिवारों में मारपीट

**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक एक फ्रीगंज में जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि पुरुषों के साथ महिलाएं भी आपस में भिड़ गईं जिसमें दोनों पक्षों को चोटें आईं। फ्रीगंज निवासी प्रशांत, विवेक, केसरी और शिवानी का राज, छोटू और सीमा से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। मारपीट के दौरान शिवानी ने आरोप लगाया कि सीमा ने उसकी नाक काटने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

### दुकान के गल्ले में रखे पैंतालीस हजार रुपए उठाकर भागे बदमाश

**ललितपुर।** पड़ौसी गांव मसौराकलां व हाल शहर क्षेत्र के मोहल्ला बसन्त बिहार कालोनी में रहने वाले आकाश तिवारी पुत्र स्व.उमाशंकर तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गल्ला मण्डी के सामने उसकी आकांक्षा ट्रेडर्स के नाम से दुकान संचालित है। बताया कि 9 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजे वह दुकान के बाहर बोरी गिन रहा था। तभी एक व्यक्ति चैक की शर्ट पहने हुये दुकान के अंदर पहुंचा और गल्ले में रखे करीब 45 हजार रुपये निकालकर ले गया।

## 100 वर्ष का संघ, 5000 स्वयंसेवकों के कदमों ने लिखी गौरवगाथा

# 11 बस्तियों से निकले पथ संचलन का जय स्तंभ पर हुआ 'राष्ट्र संगम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को नगर में इतिहास रचने वाला अद्भुत दृश्य देखने को मिला। 11 बस्तियों से एक साथ प्रारंभ हुए 5000 स्वयंसेवकों के पथ संचलन ने नगर को राष्ट्रभावना से सराबोर कर दिया। जय स्तंभ चौक पर पहुंचकर सभी शाखाओं का संचलन जब एक साथ मिला यह दृश्य मानो 'राष्ट्र संगम' का प्रतीक बन गया। जय स्तंभ चौक पर सभी बस्तियों से निकले पथ संचलन का जयस्तंभ चौक पर संगम होकर नेहरू चौक से होते हुए तरण तारण पाठशाला में त्रिवेणी का रूप बन गया। जहाँ भगवा ध्वज की छत्रछाया में गूंजते "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से भर उठा। पथ संचलन के दौरान नगर की गलियां फूलों से सजीं, छतों से बरसे पुष्प, और मातृशक्ति ने मंगल कलश लेकर आरती उतारी। हर चौक, हर मार्ग, हर मोड़ पर लोगों, विभिन्न समाजों, व्यापारिक संगठनों ने संघ के शताब्दी वर्ष के इस गौरवशाली क्षण का स्वागत किया। पाठशाला में संघ के द्वारा समापन के पश्चात आतिशबाजी कर शताब्दी वर्ष का उत्सव मनाया गया। उल्लेखनीय है कि संघ शताब्दी के 100 वर्ष पूरे होने पर संघ का संचलन इस बार ऐतिहासिक रूप में दिखाई दिया। विजयादशमी के पावन उपलक्ष्य में निकले इस संचलन में बाल, तरुण और वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने अनुशासन, समर्पण और संगठन की शक्ति का परिचय दिया। पथ संचलन के मार्गों पर नागरिकों द्वारा बनाई गई रंगोलियों, सुसज्जित द्वारों और पुष्प सज्जा ने नगर के गौरव को और बढ़ाया। पथ संचलन के दौरान शताब्दी वर्ष की अनुभूति हर स्वयंसेवक में नई ऊर्जा व दायित्व का बोध करा रही थी। तारण तारण पाठशाला में संचलन के समापन पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने कहा कि "विजयदशमी पर्व भगवान श्रीराम के अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश है। यह दिन शस्त्र और शास्त्र दोनों की पूजा का प्रतीक है। हम केवल शस्त्र के ही नहीं, बल्कि शास्त्र के भी उपासक हैं। जिस भूमि पर शास्त्र और शस्त्र दोनों की मर्यादा रही, वही भूमि विश्वगुरु आर्यावर्त कहलाती है।" उन्होंने कहा कि संघ की यह 100 वर्षों की यात्रा व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक की यात्रा है। जब समाज संगठित होता है, तो कोई विधर्मी या विभाजक शक्ति उसे झुका नहीं सकती। अयोध्या का राम मंदिर हमारी राष्ट्रीय धरोहर है यह उन असंख्य बलिदानों का परिणाम है, जिन्होंने राष्ट्र के उत्थान के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा को गौरवशाली बताते हुए कहा कि यह केवल संगठन की नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की भी यात्रा रही है। गुप्ता ने संघ के मूल विचार, उद्देश्य और समाज सेवा की दिशा में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ का जन्म किसी के विरोध में नहीं, बल्कि राष्ट्र को स्वतंत्र कराने और उस स्वतंत्रता को स्थायित्व और चरित्र देने के उद्देश्य से हुआ। संघ के संस्थापक जन्मजात राष्ट्रभक्त थे, जिनका एकमात्र लक्ष्य भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाना था। संघ का उद्देश्य केवल संगठन खड़ा करना नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। संघ की कार्यप्रणाली और सेवा कार्यों ने पिछले सौ वर्षों में समाज को नई दिशा दी है। कार्यक्रम में मंच पर संघ के जिला संघ चालक विनोद शाह, विभाग संचालक सुरेश देव, नगर संघ संचालक राजेंद्र चौरसिया पूर्व न्यायाधीश एवं सुभद्रा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति मौजूद थीं। सह जिला कार्यवाह पहलवान सिंह बघेल द्वारा नगर संघ का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवकों का स्वागत अभिनंदन संघ के जिला कार्यवाह रितेश रघुवंशी एवं मंच का संचालन लोकमन कुशवाह द्वारा किया गया। त्योंदा रोड पर पथ संचलन के दौरान वेदांत आश्रम के बटुकों ने वेद मंत्र स्वस्तिवाचन और पुष्प वर्षा से पथ संचलन का स्वागत किया।










## विहिप की जिला बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक विगत दिवस संगठन के जिला कार्यालय अशोक भवन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है। हम सभी की भूमिका भी शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में होना चाहिए आगे उन्होंने कहा कि संघ स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन इन पंच परिवर्तन पर कार्य कर रहा है। हम सभी को अपने जीवन में इन पंच परिवर्तन पर कार्य करना है और समाज जागरण करना है। उन्होंने पूर्व में संपन्न हुये विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस और शस्त्र पूजन कार्यक्रम की समीक्षा की तथा आगामी कार्य योजना से अवगत कराया। बैठक में प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर, बजरंग दल प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी, प्रांत सह मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख पंडित मुन्ना लाल शास्त्री, प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी, विभाग मंत्री दौलत लौंगवानी, विभाग सह मंत्री द्वय चंद्रभान सिंह बघेल, संदीप नेमा, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना, विभाग समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना, जिलाध्यक्ष मुकेश सेन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश में चल रहे वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण के प्रभारी हेमंत ताले द्वारा रविवार को बासौदा विधानसभा की बैठक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें समस्त मोर्चा,संगठन, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित कांग्रेस परिवार के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को पूर्व विधायक निशंक जैन एवं प्रदेश महासचिव विकास शर्मा ने संबोधित किया। जिसमें समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों का आभार ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने व्यक्त किया।इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी विद्या यादव सहित समस्त मोर्चा संगठन पदाधिकारी, मंडलम सेक्टर पदाधिकारी एवं सभी कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### सहायक खाद्य आयुक्त की कार्रवाई

## पिकअप में दूध से भरे कंटेनर पकड़े, सैंपल जांच को भेजे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

इसी क्रम में शनिवार को सहायक खाद्य आयुक्त विनोद कुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ जांच के दौरान एक पिकअप, जो कि टीम को देखकर भाग रही थी को पीछा करके पकड़ लिया। इस पिकअप में लदे कंटेनरों में भारी मात्रा में भरे दूध के सेम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार को अपराह्न करीब 3 बजे सहायक खाद्य आयुक्त विनोद कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ मिलावटी खाद्य सामग्री न बिक सके, इसलिए जांच-पड़ताल में मशगूल थे। तभी नेहरू महाविद्यालय के पास उन्हें एक पिकअप संख्या यू.पी.94 टी 9545 को आता देखा। इस पिकअप में कंटेनर लदे हुये थे। पिकअप चालक ने टीम को देखकर तत्काल गाड़ी को तेजी से भीड़-भाड़ वाले इलाके से निकालने का प्रयास किया, ताकि टीम उसे पकड़ न सके। लेकिन सहायक खाद्य आयुक्त की सतर्कता के चलते उन्होंने पीछा करते हुये कैलगुवां तिराहा के पास से पिकअप को रोक लिया। बताया जा रहा है कि टीम ने गाड़ी में रखे कंटेनरों से दूध के सैम्पल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।

## श्रमदानियों ने रिपटा घाट से किया कचरा एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नदी स्वच्छता और जनजागरूकता की निरंतर मुहिम के तहत साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का तीसरा चरण रविवार को बेतवा नदी के रिपटा घाट पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रमदान दल के सदस्यों ने घाट क्षेत्र में फैली पूजन एवं हवन सामग्री, अंत्येष्टि के पश्चात शेष बची वस्तुएँ, अंधविश्वासवश छोड़े गए कपड़े तथा मुंडन संस्कार के दौरान कटे हुए बाल आदि को एकत्र किया। ताकि नगर पालिका के सहयोग से इसे ट्रेचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जा सके। स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान दल के सदस्य नीरज साहू ने कहा कि "नदी श्रद्धा की प्रतीक है और तो जीवन की भी श्रद्धा तभी सार्थक है, जब उसमें स्वच्छता और संवेदनशीलता भी हो। इस चरण में श्रमदान कार्य में सहयोग देने वाले सदस्यों में दीपेश शर्मा, नितिन अग्रवाल, राकेश रघुवंशी, नीरज साहू, रुद्रांश सिंह, अंशु शर्मा, आकाश जैन तथा बाल श्रमदानी अभिनव शर्मा एवं अरनब रघुवंशी का विशेष योगदान रहा। दल के सदस्यों ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई नहीं, बल्कि समाज में यह संदेश फैलाना है कि धार्मिक आस्था तभी पूर्ण होती है जब उसमें पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी जुड़ी हो। नदी केवल जल नहीं, वह सभ्यता की आत्मा है। उसके प्रवाह में हमारी संस्कृति, हमारी परंपराएँ और हमारी जीवनशक्ति बहती हैं। आज जब हर ओर प्रदूषण और उपेक्षा की धारा बह रही है, ऐसे में श्रमदान दल एक नई दिशा दिखा रहा है। जहाँ अधिकांश लोग पूजा-पाठ के बाद नदी में अवशेष डालकर लौट जाते हैं, वहीं यह दल उन्हीं अवशेषों को उठाकर नदी को स्वच्छ बना रहा है। यह केवल सफाई नहीं यह संवेदनशीलता की साधना है। कभी इन नदियों के तटों पर ऋषियों का तप होता था, संगीत और सभ्यता का प्रवाह होता था।

आज जब नदी पर कचरे का अम्बार दिखाई देता है, तो दल के सदस्यों के अंतर्मन को झकझोरता है। लेकिन सदस्य आगे बढ़कर श्रमदान करते हैं। सदस्यों का मानना है कि प्रकृति की रक्षा केवल भाषणों या नारों से नहीं होती, उसके लिए कर्म की जरूरत होती है अगर समाज एकजुट होकर आगे बढ़े, तो छोटी-छोटी बूँदें मिलकर भीषण प्रदूषण की धारा को बदल सकती हैं।

## एसडीओपी ने छात्राओं को दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास उदयपुर की छात्राओं को एसडीओपी शिखा भलावी द्वारा पॉक्सो अधिनियम से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्राओं को पुलिस विभाग में भर्ती की प्रक्रिया, आवश्यक योग्यताएँ एवं तैयारियों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया गया। इस अवसर पर छात्राओं को कानून की जागरूकता एवं आत्मरक्षा के महत्व पर भी प्रेरित किया गया। इस दौरान छात्राएं, स्टॉफ मौजूद रहा।

### सैंटएसआरएस स्कूल में कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

## मां की कोख में कुछ बेटियां मर गईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वावधान में बाल गोपाल कवि सम्मेलन का शानदार आयोजन हुआ। जिसमें स्कूल के बाल कवियों, कवि शिक्षकों के साथ राष्ट्रीय कवि संगम से जुड़े कवियों ने नव रसों की कविता, गजल, मुक्तक और कुण्डलियां सुनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मां सरस्वती की वंदना पश्चात कविगणों का पुष्पहारों से गरिमापूर्ण सम्मान किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में वक्ता के रूप में संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने कहा कि कला और साहित्य न केवल देश की संस्कृति को समृद्ध बनाते हैं बल्कि मनुष्य समाज को जीवंतता भी प्रदान करते हैं। कवि कमलेश बंसल ने देश में बेटियों को कोख में मारने की दुष्प्रवृति को लेकर करुण रस से परिपूर्ण गजल सुनाई। आहें भर भर के यूं तितलियां मर गईं। कोख में माँ की कुछ बेटियां मर गईं। कवयित्री प्रगति यादव ने पवित्र, शुद्ध और सुन्दर सी लगे भारत के माथे की बिंदी। सौभाग्य मेरा देखो ये हैं, जन्मी बेटी माँ हिंदी की, के माध्यम से हिन्दी के महत्व को रेखांकित किया। पूरी दुनिया सिमट गई मोबाइल में कविता के द्वारा राखी यादव ने वर्तमान स्थिति को स्पष्ट किया। संस्था की शिक्षिका रंजू राठौर ने नारी मन के एकाकीपन में श्रृंगार और करुण रस की वेदना को गजल के माध्यम से उडेलकर रख दिया। कवि शुभम सिंह भोला ने हास्य और वीर रस की कविताओं का जोरदार वाचन किया। वहीं भारतीय मुशायरों के मंचों के हस्ताक्षर कवि धर्मसिंह मालवीय ने इंसां का है दुश्मन इंसां, देखा इसी ज़माने में। धर्म धरा ईमान बेंच दिया कागज़ के नोट कमाने में। कविता सुनाकर दर्शकों में जोश का संचार कर दिया। हास्य कवि नीलेश चतुर्वेदी ने शादी के बफर सिस्टम पर हास्य रस की कविता सुनाकर दर्शकों को रसविभोर कर दिया। अजय विश्वकर्मा ने सब माया है, कविता के माध्यम से व्यवस्था पर करारा व्यंग्य किया, तो श्रृंगार की कविता से युवा मनों को गुदगुदाया। बाल कवि सम्मेलन में शिक्षिका दीपाली राजपूत, छात्रा राधिका रघुवंशी, यशवर्धन विश्वकर्मा, सचिन अहिरवार, युवराज लोधी, सानिध्य कद्रे ने कविताएं प्रस्तुत की। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, दीपेश मीणा, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, डॉ विजय कुमार जैन, डॉ. अमर सिंह ठाकुर, डा. कमला चतुर्वेदी, शिखा दांगी, सोनू राय, गजेन्द्र सिंह दांगी सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहा।

### शराब पीकर गालियां देते हुए विरोध करने पर मारपीट करता है

## महिला का आरोप दहेज की खातिर किया उत्पीड़न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मोहल्ला आजादपुरा लेडिया में रहने वाली रश्मि पत्नी अभिषेक उर्फ निक्की ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 के फरवरी माह में हुयी थी। आरोप है कि शादी के बाद से पांच वर्षों तक उसका पति उसे दहेज की बात को लेकर परेशान करता आ रहा है और शराब पीकर गालियां देते हुये विरोध करने पर मारपीट करता है। महिला ने बताया कि 9 अक्टूबर 2025 को पति ने उसके मायके थाना बार के ग्राम सेमरा भागनगर जाकर दहेज की मांग करते हुये उसके परिजनों को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत पीड़िता ने कई बार महिला थाना में दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। रश्मि ने आरोप लगाया कि उसके पति का आर्केस्ट्रा में काम करने वाली लड़कियों से अवैध सम्बन्ध है, जिसका विरोध करने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी जाती है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसके दो बच्चे हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब पीकर शान्ति भंग कर रहे युवक की शिकायत

**ललितपुर।** सौजना थाना क्षेत्र के ग्राम चड़ारा में दर्जनों ग्रामीणों ने एक शराबी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही एक युवक आए दिन गाली-गलौज करता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक की हरकतों से गांव का माहौल खराब हो रहा है और वे बेहद परेशान हैं। उसकी गतिविधियों के कारण गांव में अशांति फैल रही है। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी से परेशान होकर ग्रामीणों ने पहले एक पंचायत बुलाई थी। पंचायत में युवक को समझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आया। ग्रामीणों ने सौजना पुलिस से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायती पत्र पर धनीराम, सुक्का, भूरे, हिरूवा, देशराज, कोसा, मूला, रईसा, रखुवा, बालचंद और कन्हैया सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

### दुकान के गल्ले में रखे पैंतालीस हजार रुपए उठाकर भागे बदमाश

ललितपुर। पड़ौसी गांव मसौराकलां व हाल शहर क्षेत्र के मोहल्ला बसन्त बिहार कालोनी में रहने वाले आकाश तिवारी पुत्र स्व.उमाशंकर तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गल्ला मण्डी के सामने उसकी आकांक्षा ट्रेडर्स के नाम से दुकान संचालित है। बताया कि 9 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजे वह दुकान के बाहर बोरी गिन रहा था। तभी एक व्यक्ति चैक की शर्ट पहने हुये दुकान के अंदर पहुंचा और गल्ले में रखे करीब 45 हजार रुपये निकालकर ले गया। उस व्यक्ति का पीछा किया तो वह दौड़कर सफेद रंग की स्विफ्ट गाड़ी संख्या यू.पी.80 एफ.एफ. 3852 में बैठकर भागने लगा, तब उसने देखा कि गाड़ी में दो लोग थे। थोड़ी दूर पीछा करने के बाद उनका हुलिया अच्छे से देख सका।

**नाम परिवर्तन सूचना**

यह मेरा पुत्र अभिराज दांगी कक्षा 9 में भारत माता कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में पढ़ता है। मेरा पुत्र अभिराज दांगी के शिक्षित दस्तावेज में मेरा नाम यानि की उसके पिता का नाम देवेन्द्र सिंह दांगी है। जो आधार कार्ड में देवेन्द्र सिंह है। वह स्कूल में भी देवेन्द्र सिंह दर्ज करवाना है। अथवा माता का नाम सोनू दांगी है। स्कूल दस्तावेज में सोनम दांगी है। जिसको सोनू दांगी करवाना है।

## खबर संक्षेप

### बालरंग प्रतियोगिता में सम्मिलित होने सागर का दल नर्मदापुरम रवाना

**सागर।** राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता नर्मदापुरम हेतु सागर से 37 सदस्यीय दल आज शासकीय पं.रविशंकर शुक्ल स्कूल से रवाना हुआ। दल में 2 वादक सर भी है एवं स्टाफ है। रविशंकर स्कूल की छात्राओं ने संभागीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं शासकीय माध्यमिक शाला धर्मश्री के विद्यार्थी मूक बधिर नाटक एवं सुगम संगीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। रविशंकर स्कूल में प्राचार्य डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी ने राज्य स्तरीय दल को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा। आधार नंबर से वर्चुअल आईडी जनरेट होगा और आवेदक का ई-साईन कर आवेदन ऑनलाइन जमा करना होगा।

खुरई में निकला संघ का भव्य पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

# पथ संचलन ने सभी में राष्ट्रीय चेतना और अनुशासन का भाव जागृत किया: पूर्व मंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रवादी सामाजिक सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर खुरई नगर में संघ के स्वयंसेवकों ने भव्य पथ संचलन निकाला। किला मैदान से आरंभ होकर नगर के सभी मुख्य मार्गों से निकले पथसंचलन का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने परसा तिराहे पर पुष्प वर्षा के साथ पथ संचलन का स्वागत किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सैकड़ों स्वयं सेवकों का गणवेश में एकत्रीकरण दोपहर 3:30 बजे खुरई किला मैदान में हुआ। बीना जिला संघ कार्यवाह चंद्रप्रकाश व नगर संघ कार्यवाह प्रदीप ने ध्वजारोहण करने के पश्चात मां भारती, संघ के संस्थापक स्व केशव बलिराम हेडगेवार व गुरु स्व सदाशिव गोलवलकर जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन कर शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया। राष्ट्र भक्ति से ओजपूर्ण गीतों में स्वर देते सैकड़ों संघ के स्वयंसेवकों का पथ संचलन नेपथ्य में चल रहे वादक वृंद की लय में कदम ताल करते किला मैदान से निकल कर नगर के मुख्य मार्गों की ओर गतिमान हुआ। संघ के पथ संचलन को



देखने जुटे सैकड़ों नागरिक जनों में पथ संचलन को देख कर राष्ट्र चेतना, देश प्रेम और संकल्प की ऊर्जा का संचार हुआ जो सभी की भाव-भंगिमाओं से देखने को मिला। नागरिकों ने करतल ध्वनि से पथ संचलन को किला मैदान से रवाना किया। पथ संचलन के साथ खुले जीप वाहन में संघ का भगवा ध्वज लिए ध्वजवाहक चल रहे थे।

परसा चौराहे पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेताओं व वार्डवासियों के साथ एक बड़े प्लेटफार्म से पथ संचलन का स्वागत कर रहे थे। इस प्लेटफार्म पर भारत माता की वेशभूषा में एक कन्या राष्ट्रीय ध्वज लेकर खड़ी थीं जो पथ संचलन को अपना आशीर्वाद दे रही थीं। नगर के प्रत्येक मार्ग पर घरों से स्वागत द्वारों से पथ संचलन पर निरंतर पुष्प वर्षा होती रही। आंबेडकर चौराहे के पास जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा का दृश्य देखा गया। पथ संचलन नगर भ्रमण करते हुए नगर पालिका के मार्ग से वापस किला मैदान पहुंच कर विसर्जित हुआ।

पथ संचलन के स्वागत पश्चात परसा चौराहे पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश की सामाजिक सांस्कृतिक एकता, अखंडता, धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही है। यह विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक सांस्कृतिक संगठन है जिसके शताब्दी वर्ष पर सभी छोटे बड़े स्थानों पर पथ संचलन सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करोड़ों स्वयंसेवक राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की भावना लेकर राष्ट्र चेतना व सेवा के कार्य में लगे हैं।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लंबे संघर्ष के पश्चात ही अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर पुनः बन सका है। इसके लिए संघ के सैकड़ों स्वयं सेवकों ने अपना बलिदान दिया। राम राज्य की संकल्पना के लिए जो हमारे संविधान में भी है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतत कार्य करता है। आज खुरई में इतनी बड़ी संख्या में एकत्रित हो कर स्वयं सेवकों ने अपनी संगठन शक्ति, अनुशासन को पथ संचलन में प्रकट किया है। बहुत बड़ी संख्या में युवा स्वयंसेवक भी पथ संचलन में शामिल हुए हैं। सभी नगरवासियों में इस पथ संचलन को लेकर उत्साह था और भव्य स्वागत सभी ने किया है।



## गढाकोटा में खेत से लौट रहे मजदूरों से भरा वाहन पलटा, 25 से ज्यादा घायल

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में एक भीषण सड़क हादसे से हड़कंप मचा गया खेतों से लौट रहे मजदूरों से भरा ऐक आपे वाहन हरदौट ग्राम के पास पलट गया। बताया जा रहा है कि वाहन में सवार सभी मजदूर लुहागर ग्राम से सोयाबीन की कटाई कर लौट रहे थे, तभी अचानक टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना कि जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पहुंची जहां घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढाकोटा लाया गया वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा नेता श्रीराम भार्गव व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी पहुंचे और घायलो का हाल चाल जाना ओर उचित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराई। हादसा शनिवार शाम का है जब गढाकोटा के सभी मजदूर खेतों से घर लौट रहे थे। वाहन में महिलाएं, पुरुष और बच्चे सवार थे। दुर्घटना में 25 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ाकोटा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 5 गंभीर घायलों को सागर जिला अस्पताल भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



### सनराइज रेसिडेंसी समिति की वार्षिक बैठक संपन्न

**सागर।** राजघाट रोड स्थित सनराइज रेसिडेंसी आवासीय समिति की वार्षिक बैठक समिति अध्यक्ष डी. पी. कोष्टी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव कामता प्रसाद सोनी ने वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं कोषाध्यक्ष सी.एस. नामदेव ने आय–व्यय विवरण रखा, जिसे कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में कॉलोनी के समग्र विकास एवं सुचारू प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कॉलोनीवासियों से त्रैमासिक मेंटेनेंस राशि का समय पर भुगतान करने की अपील की गई। अधिवक्ता धीरेन्द्र शर्मा को सोसाइटी का विधि सलाहकार नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी को यह अधिकार दिया गया कि मेंटेनेंस भुगतान की उपेक्षा करने वाले या अपनी संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग करने वाले भवन स्वामियों के

## सतत विकास केवल एक नीति नहीं, बल्कि जीवन का दृष्टिकोण है: कुलपति प्रो.ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठीका सफल समापन हुआ। संगोष्ठी की संयोजक डॉ. मेघा दास थीं। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देना, विश्वविद्यालयों को सतत विकास की दिशा में अग्रसर करना तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों में हरित पहल की भावना को सशक्त बनाना था। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. सत्यकाम, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज रहे। जबकि प्रो. रमेश गार्दास, आईआईटी मद्रास अतिथि सम्मान के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. सत्यकाम ने अपने संबोधन में शिक्षा को पर्यावरणीय मूल्यों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. रमेश गारदास ने हरित अनुसंधान और सतत विश्वविद्यालयों की दिशा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. आर.पी. तिवारी, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब, बठिंडा ने उच्च शिक्षा में पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को संस्थागत संस्कृति का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। जबकि प्रो. सरिका शर्मा, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने युवाओं में हरित नेतृत्व विकसित करने की दिशा में शिक्षा की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

दोनों सत्रों की अध्यक्षता डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर ने की। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि सतत विकास केवल एक नीति नहीं, बल्कि जीवन का दृष्टिकोण है जिसे शिक्षा के माध्यम से समाज तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय की सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक प्रेरक कदम बताया।



## गढ़ाकोटा नगर में आईपीएल की तर्ज पर कास्को बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में आईपीएल की तर्ज पर कास्को बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ युवा अभिषेक भार्गव एवं विभिन्न जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया । टूनामेंट आयोजक युवा समाजसेवी कुश भार्गव एवं आयोजन समिति है। आयोजन समिति अध्यक्ष पिंटू ठाकुर ने सभी अतिथि, गण मान्य नागरिक एवं जनप्रतिधि का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, दिनेश लहरिया,भरत चौरसिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भरत सेमरा, महेश सिंह ठाकुर पूर्व पार्षद, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल, युवा व्यवसायी वरुण सोनी, इंद्रजीत सिंह पार्षद, राजेंद्र तिवारी छूल्ला,वीरू दुबे दमोह,नर्मदा पटेल,अशोक चौधरी,समिति सदस्य ताहिरख़ान, अभिजीत ठाकुर, अरवाज़ ख़ान, शोहिल पठान उपस्थित रहे।

## गुलाबगंज में स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष का विजय दशमी उत्सव के उपलक्ष्य में खण्ड केंद्र गुलाबगंज नगर में पथ संचलन निकाला गया।

इस दौरान स्वयं सेवक दोपहर दो बजे सांदीपनि विद्यालय प्रांगण में एकत्रित हुए जहां मुख्य अतिथि नूरपुर वाले महंत बालक दास महाराज, विदिशा विभाग के सह ग्राम विकास प्रमुख अजय सिंह रघुवंशी, खंड संघचालक शिव प्रसाद तिवारी द्वारा संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जहां पथ संचलन सांदीपनि विद्यालय प्रांगण से शुरू हुआ जो श्री राम मंदिर, विदिशा बासौदा रोड, ग्रीन पार्क, मंगल आरती धाम, स्टेट बैंक चौराहा, रेलवे परिसर, मुख्य बाजार, गांधी चौक, शासकीय अस्पताल रोड, बीजासेन मंदिर, बर्री चौराह से कदमताल करते हुए वापस सांदीपनि विद्यालय प्रांगण में समापन हुआ।

इस दौरान देवी स्वरूप कन्याओं ने स्वयं सेवकों के स्वागत के लिए घर के बाहर रंगोली सजाई हुई थी तो वह नगरवासी पुष्प वर्षा कर स्वागत कर रहे थे। वहीं कार्यक्रम स्थल पर विभाग सह ग्राम विकास प्रमुख एवं कैंसर पीड़ित व्यक्तियों के लिए मदद करने वाले अजय सिंह रघुवंशी का बौद्धिक प्राप्त हुआ। जिन्होंने भारत के गौरव शाली इतिहास की जानकारी दी और संघ के घोषित पंच परिवर्तन(कुटुम्ब प्रबोधन,सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध, और पर्यावरण संरक्षण) पर विशेष बल देकर समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने का आव्हान किया।

## संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महानीम चौराहा पर निकला त्रिधारा पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, खंड सूर्यनगर के महानीम चौराहा केंद्र पर रविवार को संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में त्रिधारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महानीम चौराहा, डंगरबाड़ा, जटपुरा और बरखेड़ा जागीर मंडल के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, डॉ. हेडगेवार और गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि दौलतराम धाकड़ (समाजसेवी), खंड कार्यवाह विनोद विश्वकर्मा तथा मुख्य वक्ता राजेंद्र खोड़के (विभाग सहकार्यवाह, विदिशा विभाग) का परिचय कराया गया। मुख्य वक्ता राजेंद्र जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत एक प्राचीन और गौरवशाली राष्ट्र है।

आपातकाल और विभिन्न प्रतिबंधों के बावजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक सदैव राष्ट्र और समाज की सेवा में तत्पर रहे हैं। आज समाज में संघ की स्वीकार्यता बढ़ी है और लोगों का विश्वास है कि संघ है तो राष्ट्र और सीमा सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में समाज परिवार के पंच परिवर्तन पर कार्य कर रहा है। इसके बाद पथ संचलन का आरंभ संस्कार होस्टल से हुआ।

### अधिकारियों और छात्रों के बीच हुआ मुकाबला

**शमशाबाद।** पीएम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद के खेल मैदान में अधिकारियों और छात्रों के बीच रोमांचक क्रिकेट मुकाबला खेला गया। अधिकारियों की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कपिल यादव के शानदार शतक की बदौलत निर्धारित 15 ओवर में 190 रन बनाए। जवाब में छात्रों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर 193 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। क्रिकेट मैच का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर किया। अधिकारियों की टीम के कप्तान एवं विद्यालय प्राचार्य आशीष सक्सेना ने बताया कि इस मैच का उद्देश्य छात्रों और अधिकारियों के बीच आपसी संवाद एवं सौहार्द को बढ़ावा देना था।

## ओलंपस स्विमिंग चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर, 18 मेडल किए अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सागर रोड स्थित ओलंपस हाई स्कूल में इंटर स्कूल स्विमिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल और विदिशा के विभिन्न 12 स्कूलों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आईईएस स्कूल भोपाल, सेज इंटरनेशनल स्कूल, सागर पब्लिक स्कूल की तीनों शाखाएं तथा स्प्रिंगफील्ड स्कूल विदिशा सहित अन्य स्कूलों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त




पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे एवं जिला खेल अधिकारी संतोष चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में सागर पब्लिक स्कूल रोहित नगर ने सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि द्वितीय स्थान सागर पब्लिक स्कूल गांधी नगर ने प्राप्त किया। ओलंपस हाई स्कूल ने 6 गोल्ड, 4 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज सहित कुल 18 पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग अंडर-17 में ओलंपस हाई के अभिनव शुक्ला ने 3 स्वर्ण पदक जीतकर बेस्ट स्विमर का खिताब पाया।

प्रतियोगिता का सफल संचालन स्विमिंग कोच रमेश शुक्ला और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में हुआ। स्कूल संस्थापक यशपाल सिंह, संचालक मोहित रघुवंशी, अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी और प्राचार्या प्रियंका सिंह ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

## विदिशा नगर का त्रिशक्ति संगम बस्ती पथ संचलन निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विदिशा नगर द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार 12 अक्टूबर को त्रिशक्ति संगम बस्ती पथ संचलन का भव्य आयोजन किया गया। इसके लिए तीन केंद्र द्वारिका बस्ती, जगन्नाथ बस्ती और गौतमबुद्ध बस्ती निर्धारित किए गए थे। तीनों स्थानों से स्वयंसेवक पथ संचलन स्वरूप में निकलकर दुर्गा नगर चौराहे पर एकत्र हुए, जहां मातृशक्ति द्वारा



आरती उतारकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। तत्पश्चात विशाल संचलन जैन कॉलेज ग्राउंड में पहुंचा, जहां जिला संघ चालक खुमान रघुवंशी, सह संघ चालक रामकिशोर अग्रवाल, मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति कौर और मुख्य वक्ता लोकेंद्र (प्रांत सह प्रचार प्रमुख, मध्यभारत) उपस्थित रहे। श्री लोकेंद्र ने संघ की शताब्दी यात्रा और समाज परिवर्तन के पंच विषयों पर प्रकाश डाला। जानकारी जिला प्रचार प्रमुख वीरेंद्र रघुवंशी ने दी।

## दिनेश चतुर्वेदी नगर अध्यक्ष नियुक्त




**अहमदपुर।** युवा ब्राह्मण विकास परिषद की जिले की बैठक ग्राम अहमदपुर लक्ष्मी नगर पंचायत भवन में रखी गई। जिसमें जिला अध्यक्ष वागीश मिश्रा द्वारा अहमदपुर नगर अध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी को बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच शिवचरण शर्मा जी, राजकुमार शास्त्री, मुकेश शास्त्री, मनमोहन शर्मा, राजीव शर्मा, मनोज भार्गव, अभिषेक आचार्य, अनिकेत शर्मा, अजय शर्मा, धीरज शर्मा, गोपाल शर्मा, निलेश कृष्ण शर्मा, सतीश शर्मा, दिलीप शर्मा, जतिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री ने 'लोकतंत्र के योद्धा' स्मारिका का विमोचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकतंत्र सेनानी संभागीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में 'लोकतंत्र के योद्धा' नामक स्मारिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर देश में लोकतंत्र की हत्या की थी। उन्होंने बताया कि उस दौर में संविधान को कुचला गया और हजारों देशभक्तों को जेलों में डाल दिया गया था।

### 8500 सेनानियों ने जेल की यातनाएं सहीं

लोकतंत्र सेनानी संभागीय सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में लगभग 8500 लोकतंत्र सेनानियों ने जेल की यातनाएं सहीं,




उनके काम-धंधे भी प्रभावित हुए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और संघर्ष कर जीवन को फिर से संवारा। चौहान ने कहा कि इन लोकतंत्र सेनानियों के बलिदान और त्याग को देश कभी नहीं भूल सकता। उनका नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज भी लोकतंत्र सेनानियों में वही जोश और देशभक्ति का जज्बा कायम है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब तक लोकतंत्र सेनानियों की आत्मा जीवित है, तब तक लोकतंत्र पर कोई खतरा नहीं आ सकता। उन्होंने देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 7054,7055 to 7060/ वाहन शखा / 2025 — विदिशा दिनाँक 01/10/2025

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | निविदा क्र. | ई टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई.निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7054 | 2025 _UAD_ 456926_1 | Welding work in all the vehicles of the municipality vidisha. | I Call | 500000.00 | 5000.00 | 2000.00 | 12 Month | 24/10/2025 |
| 2 | 7055 | 2025 _UAD_ 456927_1 | Repairing and servicing Work of different magic Vehicles. | II Call | 250000.00 | 2500.00 | 2000.00 | 03 Month | 24/10/2025 |
| 3 | 7060 | 2025_UAD_ 456928_1 | Supply of Tire and Tubes all Vehicles year 2025-26 | I Call | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | 12 Month | 24/10/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद विदिशा**

## स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही जांच, एडवाइजरी के पालन के दिए निर्देश

# हादसों से सबक लेकर भी जांच सिर्फ औपचारिकता तक सीमित, धड़ल्ले से बिक रही अमानक दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जहरीली कफ सिरप से छिंदवाड़ा और बैतूल जिले के बच्चों की मौत की घटना ने मेडिकल स्टोर के कारोबार को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। जिला स्वास्थ्य विभाग और फार्मेसी काउंसिल ने जब मेडिकल स्टोर की जांच के आदेश दिए हैं। जिले के स्वास्थ्य महकमे के अधिकारी सहित ड्रग इंस्पेक्टर जांच में जुट गए हैं। लेकिन सबकुछ कागजी कार्रवाई कर औपचारिकता निभा रहे हैं।

जिले में सैकड़ों मेडिकल स्टोर चल रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन की नजर में जिले में मात्र 700 मेडिकल स्टोर हैं। जाहिर है अधिकांश मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस और बिना फार्मासिस्ट के चल रही हैं।

### मरीजों को दवा बेचते हैं, लेकिन बिल नहीं देते मेडिकल स्टोर

#### फार्मासिस्ट की यह है जिम्मेदारी

- फार्मासिस्ट मरीज का सही मार्गदर्शन करें, ताकि वह दवाओं का सही तरीके से सेवन कर सके।
- फार्मासिस्ट दवाओं के संभावित दुष्प्रभाव और अन्य दवाओं के साथ उनके टकराव के बारे में मरीजों को चेतावनी दे।
- डॉक्टर द्वारा लिखे पर्चे के आधार पर सुनिश्चित करें कि मरीज दवा लेने में कोई गलती न कर दें।




#### 7 ब्लॉकों में 7 ड्रग इंस्पेक्टरों का होना अनिवार्य, लेकिन एक के भरोसे चल रहा कार्य

◆ जिले के सातों विकासखंडों के लिहाज से नियमानुसार 7 ड्रग इंस्पेक्टर होना चाहिए।लेकिन इकलौते ड्रग इंस्पेक्टर के भरोसे जिले के 700 मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं।

#### इनका कहना है

रविवार को बेगमगंज में टीम द्वारा मेडिकल स्टोरों की जांच की गई। यहां गड़बड़ी पाए जाने पर उनकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल स्टोरों की जांच जिलेभर में लगातार जारी रहेगी।

**- डॉ एचएन मांडरे, सीएमचओ रायसेन**

### हरिभूमि ने मानव स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर बारीकी से की जांच पड़ताल

जिला अस्पताल के नजदीक एक मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट की जानकारी चस्पा नहीं मिली। जब हरिभूमि टीम ने शहर व ग्रामीण अंचल में ग्राहक बनकर कई मेडिकल स्टोर पर जाकर पड़ताल की। जिसमें सामने आया है कि कुछ मेडिकल स्टोर तो बिना पंजीयन ही संचालित हो रहे हैं। इन पर ऐसे व्यक्ति दवा वितरित करते मिले जो दवा का नाम भी ठीक से नहीं पढ़ पा रहे थे।

उनसे जब दुकान का पंजीयन नंबर और फार्मासिस्ट की अनिवार्यता के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाए। वहीं रायसेन शहर में पाटनदेव रोड पर एक ऐसी मेडिकल दुकान मिली जहां फार्मासिस्ट की गैर मौजूदगी में अन्य व्यक्ति दवा विक्रय कर रहा था।

हरिभूमि समाचार पत्र की टीम ने कई ग्राहकों से बात की तो उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर पर कभी बिल नहीं दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कभी जरूरत पड़े तो ग्राहक के पास यह सबूत नहीं रहता कि उसने इस मेडिकल स्टोर से दवा खरीदी थी।

#### ड्रग इंस्पेक्टर के निरीक्षण में गैरतगंज के मेडिकल स्टोर पर मिली प्रतिबंधित सिरप

*छिंदवाड़ा ,बैतूल में बच्चों की मौतों की घटना के बाद रायसेन जिले के गैरतगंज में ड्रग इंस्पेक्टर के निरीक्षण में एक मेडिकल स्टोर पर सैंपल फेल दवा रेस्पिफ्रेश टीआर सिरप की बॉटल मिली। अगले दिन जिले के ओबेदुल्लागंज, बेगमगंज में भी ड्रग इंस्पेक्टर प्रीत स्वरूप ने निरीक्षण किया। यहां भोपाल डे-केयर मेडिकल के नाम से संचालित केमिस्ट दुकान पर फार्मासिस्ट ही नहीं मिला। दवा विक्रय किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। दुकान को जब सील करने की बात आई तो परिजन आने जाने के रास्ते का हवाला देने लगे, जिस पर ड्रग इंस्पेक्टर ने पंचनामा बनाकर दवा के क्रय-विक्रय पर रोक लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर दी। दुकान को सील नहीं किया। इसी तरह एक और मेडिकल स्टोर पर जांच की तो सामने आया कि यहां तो पूरी दवाएं ही बिना बिल के बेच डाली, न तो दवा खरीदी का हिसाब मिला और न बेचने का। जिस पर मेडिकल स्टोर को सील कर दिया।*

#### इनका कहना है

हम एसोसिएशन के माध्यम से सभी केमिस्टों को ड्रग एक्ट के बारे में अवेयर कर रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि डॉक्टर के पर्चे के बिना कोई भी दवा न दें। 4 साल तक के बच्चों को कफ सिरप बिल्कुल भी न दें। नियमानुसार फार्मासिस्ट होने पर ही मेडिकल स्टोर का पंजीयन होता है। ज्यादातर दुकानों पर फार्मासिस्ट हैं।

**- मकबूल अली गुड्डु भाई,** अध्यक्ष, केमिस्ट एसोसिएशन रायसेन



# खरबई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

### पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कस्बा खरबई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह के तहत रविवार को गली बस्तियों से पथ संचलन निकाला गया। जिसमें आरएसएस के स्वयं सेवक लाठियां कांधों पर रखकर अनुशासनबद्ध तरीके से भारत माता की जय वंदे मातरम के जयघोष करते हुए चल रहे थे। मुख्य कार्यक्रम में बौद्धिक रिटायर्ड शिक्षक फूल सिंह वर्मा, जिला कार्यवाह गोपाल लोधी ने दिया।

#### पथ संचलन का आयोजन

**दीवानगंज।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में भव्य शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया। पूजन अनुष्ठान में प्रमुख पदाधिकारियों, स्वयं सेवकों और नागरिकों ने भाग लिया। शस्त्र पूजन के बाद स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में फैक्ट्री चौराहा तीर्थ धाम ज्ञानोदय मंदिर दीवानगंज से प्रारंभ हुआ।

#### पथ संचलन में दिखी देशभक्ति और अनुशासन की मिसाल

**सलामतपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को नगर में पथ संचलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि उपज मंडी मैदान से हुई जहां संचालन के प्रारंभ में एकत्रीकरण के समय वक्ताओं का उद्बोधन प्राप्त हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि शिवराज भार्गव, मुख्य वक्ता राजेंद्र खोड़के और गौरव सक्सेना मौजूद रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया संघ की स्थापना 1925 में नागपुर में हुई थी। तब से लेकर संघ पिछले 100 वर्षों से केवल और केवल हिंदू समाज को संगठित करने के कार्य में लगा हुआ है। उद्बोधन के उपरांत स्वयं सेवकों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ पथ संचलन प्रारंभ किया। घोष की मधुर धुन पर पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए लगभग 500 स्वयं सेवकों ने नगर भ्रमण किया।

# स्व. राठी की पुण्यतिथि पर गुरुकुल स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित

### 78 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह, राठी परिवार की रही सक्रिय भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

स्व. जितेन्द्र राठी पप्पू भैया की 10वीं पुण्य तिथि पर गुरूकुल स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 78 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। जिसमें 65 पुरूषों एवं 13 महिलाओं द्वारा उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया। वही राठी परिवार की ओर से 14 यूनिट रक्तदान किया गया।

गुरूकुल स्कूल प्रांगण में सुबह 10 बजें से सिविल अस्पताल बरेली ब्लड बैंक गांधी हमीदिया अस्पताल भोपाल द्वारा 46 यूनिट एवं 32 यूनिट रायसेन रक्तकोष के लिए एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को दौनों संस्थाओं की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रक्तदाताओं को राठी परिवार की ओर से उपहार एवं टीम पहल द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को वृक्ष प्रदान किया गया।



#### रक्तदान के प्रति रहा उत्साह

रक्तदान शिविर में गुरूकुल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्टाफ, नगर के लोगों की सक्रियता रही। प्रशांत सोनिया राठी, मयूर पायल राठी, अमित पल्लवी राठी, अंशुल अवनी राठी, रूपाली कुशजी कावरा गाडरवारा, लोकेश मुक्ता भावसार, शंकुतला एसएस बसोरिया, पति पत्नियों के अलावा माँ सुनीता पटेल पुत्र शिवम पटेल, हर्षित राठी पुत्र जया राठी के साथ दो भाईयों कुश एवं कौशिक कावरा, पुत्र आदित्य राठी ने एक साथ रक्तदान कर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। रोहित ठाकुर निवासी ग्राम हरसिली पिछले 10 वर्षो से प्रतिवर्ष रक्तदान करते आ रहे है। शिविर में दो मुस्लिमों द्वरा रक्तदान कर साम्प्रदायिक सौहार्द एकता की मिशाल पेश की। रक्तदान शिविर के समापन पर श्री संस्कार शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष संदीप झंवर, संरक्षक नारायण दास राठी, मोतीलाल राठी, भगवान दास राठी एवं प्रशांत राठी ने सभी रक्तदाताओं, टीम पहल एवं स्वा. विभाग का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

#### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने पथ संचलन निकाला

**सिलवानी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा रविवार को महावीर बस्ती में पथ संचलन का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों ने अनुशासन व उत्साह के साथ भाग लिया। पथ संचलन का प्रारंभ सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से हुआ और विभिन्न नगर मार्गों से गुजरते हुए पुनः वहीं संपन्न हुआ। पथ संचलन में बरेली विभाग के जिला कार्यवाह राजेंद्र राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक स्वयं सेवक को अपने समय का सदुपयोग करते हुए राष्ट्र व समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए।

# गोलीकांड का पुलिस ने किया खुलासा भांजे के साथ पति चढ़ा पुलिस के हत्थे

### आरोपियों ने राजीनामे को लेकर गोलीकांड की सोची समझी रची थी साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के देवनगर थाना क्षेत्र में हुए एक फर्जी गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा किया। मामले में पति ने अपने भांजे के साथ मिलकर पत्नी पर गोली चलवाई थी। घटना 3 अक्टूबर की रात 10 बजे की है, जब हसीना बी अपने बेटे आजम के साथ बाइक से हकीमखेड़ी आ रही थी और उन पर हमला किया। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गोलीकांड एक सोची-समझी साजिश थी। हसीना बी के पति अकरम मेवाती ने अपने भांजे खालिद और जैद के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस साजिश का मुख्य मकसद लुकमान उर्फ लुक्का पर दबाव बनाकर एक पुराने मामले में समझौता करवाना था। देवनगर पुलिस ने इस मामले में खालिद और जैद को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। हालांकि, अकरम मेवाती, मुख्तार मेवाती और शकीला बी अभी फरार हैं।

#### आरोपी अकरम ने पत्नी पर हमला करवाकर झूठा हमला दिखाया

*पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है। फर्जी गोलीकांड का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया की सराहनीय भूमिका रही। इस सूचना पर डायल 112 की टीम ने पहुंचकर घायल को जिला अस्पताल रायसेन पहुंचाया तथा फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना देवनगर में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। बीती 24 अगस्त को लुकमान उर्फ लुक्का निवासी हकीमखेड़ी द्वारा थाना कोतवाली रायसेन में अकरम खां, आरिफ खां एवं मुख्तार खां पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त प्रकरण में समझौता न होने पर अकरम ने अपनी पत्नी पर गोली चलाकर झूठा हमला दिखाया और प्रतिद्वंद्वियों को फंसाने के उद्देश्य से झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई।*

# बिजली बिल बकायादारों पर कार्रवाई करने सख्त हुई विद्युत वितरण कंपनी

### शहर के 3 हजार 414 उपभोक्ताओं पर 2.9 करोड़ रु., गांवों क्षेत्र में 17.76 करोड़ रु. बकाया, कुल बकाया राशि 20 करोड़ 66 लाख रुपए, कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बकायादार बिजली उपभोक्तओं पर बिजली कंपनी ने अपना शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया है। उनके बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं, इसके बावजूद भी उपभोक्ता राशि जमा नही करते है तो उन पर कंपनी के नियमो के तहत कानूनी कार्रवाही की जा सकती हैं। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बकायादार बिजली उपभेक्ताओं से आगह किया है कि वह अपनी बकाया राशि जमा कर होने वाली परेशानी से बचें।

सिलवानी विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत उपभोक्ताओं पर बिजली बिल की बकाया राशि लगातार बढ़ती जा रही है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार सिर्फ सिलवानी नगर में ही 3414 उपभोक्ताओं पर 2.9 करोड़ रुपए की बकाया राशि लंबित है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के 15568 उपभोक्ताओं पर 17.76 करोड़ रुपए की बकाया राशि दर्ज की गई है। ग्रामीण तथा नगर के कुल 18982 बकायादार उपभोक्ताओं से 20 करोड़ 66 लाख रुपए की राशि लेना है।

बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं को कई बार चेतावनी देने के बावजूद बिल जमा नहीं करने पर अब सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है।

विभाग द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्र में तीन विशेष टीमंह गठित की गई हैं, जो अलग-अलग वार्डों में जाकर बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर रही हैं।



#### कार्रवाई की जद में हर वर्ग के उपभोक्ता

कनेक्शन काटे जाने की इस कार्रवाई में घरेलू, गैर घरेलू, व्यवसायिक, औद्योगिक इकाइयों सहित आटा चक्की और फ्लोर मिल जैसे व्यावसायिक कनेक्शन भी शामिल हैं। विजिलेंस की विशेष निगरानी में यह टीमें कार्य कर रही हैं, जो भारी बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं की सीसी जानकारी के साथ त्वरित कार्रवाई कर रही हैं।

#### विभाग की अपील- भुगतान करें, अन्यथा कार्रवाई तय

बिजली विभाग ने सभी बकायादार उपभोक्ताओं से जल्द से जल्द अपने बकाया बिलों का भुगतान करने की अपील की है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि उपभोक्ता स्वयं आगे आकर भुगतान करते हैं तो वे डिस्कनेक्शन जैसी असुविधाजनक कार्रवाई से बच सकते हैं, सिलवानी विद्युत वितरण केंद्र सिलवानी के एएई मनीष अहिरवार ने बताया कि कंपनी के द्वारा बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से बकाया राशि जमा करने के लिए संपर्क किया जा रहा है बावजूद भी राशि जमा नही की जा रही हैं। राशि जमा ना होने के कारण बिजली कंपनी के द्वारा बकायादारो पर सख्ती की जा रही है। उन्होने बकायादार उपभोक्ताओ से आग्रह किया कि वह बकाया राशि जमा कर बिजली कंपनी के द्वारा की जाने वाली कार्रवाही से बचें।

# भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर फिर हादसा हुआ

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 हद से रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। 40 किलोमीटर मार्ग पर रोजाना 4 से 5 दुर्घटना होना आम बात हो गई है। इन हादसों के कारण सलामत पुर थाना, सांची थाना, दीवानगंज पुलिस चौकी, सुखी थाना की पुलिस खासा परेशान हो रही है।

दोपहर के समय मुकेश साहू दीवानगंज निवासी अपने ट्रैक्टर ट्राली में सोयाबीन भरकर अपने घर दीवानगंज आ रहा था तभी सामने गहरे गड्ढे , और वाहन आ जाने के कारण ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे 10 फीट गहरी खाई में उतर गए। वह तो गनीमत रही की ट्रैक्टर ट्राली ने पलटी नहीं खाई नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

वहीं बालमपुर मिलिट्री कैंप से आगे ईंटों से भरा 407 वाहन अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे उतर गया। वह तो गनीमत रही कि वाहन थोड़े और आगे नहीं बड़ा नहीं तो गहरी पुलिया में जा गिरता।

### प्रतिदिन भारी मात्रा में निकल रहा प्लास्टिक पन्नी कचरा


# दीपावली पूर्व चल रहा घरों-दुकानों में साफ सफाई एवं रंग रोगन कार्य

**घोघरा नदी किनारे टनों में डंप हो रही पन्नियां और नगर की गंदगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

दीपावली पूर्व घरों घर एवं दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में साफ सफाई, रंग रोगन का युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। रविवार को अवकाश का लाभ उठा कर बडा बाजार, छोटा बाजार सहित नगर के विभिन्न हिस्सों में साफ सफाई, पुताई कार्यो का जोर बना रहा। सामान्य दिनों की अपेक्षा दीपावली पूर्व भारी मात्रा में कचरा निकलने की स्थिति बन गई है।

नदी किनारें डाली जा रही पन्नी गंदगी - विगत अनेक वर्षो से नगर में प्रतिदिन निकलने वाला कचरा जिसमें सबसे अधिक प्लास्टिक पन्नी रहती है, एवं निकलने वाली गंदगी को नगर से लगी घोघरा नदी किनारें, मुक्तिधाम के सामने प्रतिदिन डम्प किया जा रहा है। जिससे नदी के किनारे प्लास्टिक पन्नीयों का अम्बार लग रहा है। ज्ञातव्य रहे कि घोघरा नदी कुछ दूर आगे जाकर बारना नदी में मिल जाती है। दौनों नदियों का कचर, गंदगी 10 कि.मी. दूर सीधे नर्मदा नदी में मिल रही है। जिससे नर्मदा मैया में प्रदूर्षण बढ़ता जा रहा है।




#### कचरा डंप हेतु नहीं मिली भूमि

जहां आज वर्तमान में बस स्टैंड है, दशको पूर्व वहां कचरा डंप होता था, बाद में उदयपुरा और पिपरिया मार्ग के किनारे कचरा फैंका जाने लगा। नपं. द्वारा टेचिंग ग्राउंड के लिए भूमि की मांग पर पिपरिया रोड पर केलकच्छ नाके के पास सरकारी भूमि दी गई, उसके बाद समनापुर के पास लांझी अकोला मार्ग पर भूमि दी गई, परंतु दौनों ही स्थानों सरकारी भूमियों पर अतिक्रमण होने, अतिक्रमण न हटायें जाने से वर्षो से चैनपुर रोड पर घोघरा नदी के किनारें कचरा गंदगी डम्प की जा रही है। प्रतिदिन भारी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक पन्नी और गंदगी डाले जाने से घोघरा नदी का पानी प्रदूषित होने के साथ नदी के अस्तित्व पर ही संकट आ गया है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शहर में निकली शोभायात्रा, विभिन्न झांकियां रहीं आकर्षण

### जगह जगह शआस्था के बरसाए फूल, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार को शहर में वाल्मिकी समाज समिति के बैनर तले महर्षि वाल्मीकि जयंती पारंपरिक उत्साह के साथ श्रद्धाभक्ति के माहौल में से मनाई। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा गवोईपुरा से महर्षि वाल्मीकि मंदिर से उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना आरती की गई।

वाल्मीकि जयंती पर शहर में एक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महर्षि वाल्मीकि की झांकी के साथ ही भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, भगवान श्रीराम, माता सीता, लवकुश, श्रीराधा-कृष्ण, महाकाली दुर्गा और रानी झांसी, अहिल्या बाई अन्य देवी-देवताओं की झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा में बाल्मीकि अखाड़े के पहलवानों द्वारा बल्लम फरसा बनेंटी प्रदर्शन किया।



#### गुरिल्ला रहा आकर्षण का केंद्र

महर्षि बाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा में एक बार फिर गुरिल्ला आकर्षण का केंद्र बना रहा। डीजे की धुनों पर आकर्षक डांस कर गुरिल्ला ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। लोगों में गुरिल्ला के साथ मोबाइल से सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।